JI2024SC10801

# राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25

### विषय - विज्ञान (हिन्दी माध्यम)

**समय- $2\frac{1}{2}$ घण्टे** | **कक्षा- 8** | **पूर्णांक-60**

**बहुविकल्पीय प्रश्न (प्रश्न क्र. 1-5)**

**निर्देश** – सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र-1. यीस्ट का उपयोग निम्न के उत्पादन में होता है- (1)

(A) चीनी (B) एल्कोहल (C) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (D) ऑक्सीजन

प्र-2. निम्न पदार्थों में से सबसे पहले कौन जलेगा- (1)

(A) पेट्रोल (B) लकड़ी (C) लोहे की छड़ (D) गत्ता

प्र-3. मैग्नीशियम का रिबन (फीता) वायु में जलने पर उत्पन्न करता है- (1)

(A) मैग्नीशियम ऑक्साइड, जल और प्रकाश (B) मैग्नीशियम ऑक्साइड, और ऊष्मा

(C) मैग्नीशियम ऑक्साइड, ऊष्मा और प्रकाश (D) मैग्नीशियम ऑक्साइड, जल और ऊष्मा

प्र-4. पौधों और जन्तुओं की वह स्पीशीज जो किसी विशेष क्षेत्र में विशिष्ट रूप से पायी जाती है, वह है - (1)

(A) विशेष क्षेत्री स्पीशीज (B) संकटापन्न स्पीशीज

(C) विशेष क्षेत्री स्पीशीज एवं संकटापन्न स्पीशीज (D) इनमे से कोई नहीं

प्र-5. लैंगिक प्रजनन में भाग लेते हैं- (1)

(A) दो नर जंतु (B) एक नर व एक मादा जंतु

(C) दो मादा जंतु (D) इनमें से कोई नहीं

**रिक्त स्थान (प्रश्न क्र. 6-10)**

**निर्देश** - नीचे दिए गए रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र-6 काष्ठ, कोयला वायु में जलकर कार्बनडाइ ऑक्साइड और ............... उत्पन्न करता है। (1)

प्र-7 जिन पदार्थों का ज्वलन ताप ........................ होता है और जो ज्वाला के साथ सरलतापूर्वक आग पकड़ लेते है ज्वलनशील पदार्थ कहलाते हैं। (1)

प्र-8 कागज बचाने का अर्थ है ..................... को बचाना। (1)

प्र-9 वह निषेचन जो माता के शरीर के अंदर होता है ........................... निषेचन कहलाता है। (1)

प्र-10 लड़कियों में मासिक धर्म चक्र की शुरुआत ................ कहलाती है। (1)

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न क्र. 11-16)**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द / वाक्य में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

प्र-11 शिशु एवं बच्चों को टीका क्यों लगाया जाता है? (2)

प्र-12 अपने बहुत अधिक व्यावसायिक महत्व के कारण किसे हम काला सोना कहते हैं? (2)



P.T.O.

प्र-13 कोयले के प्रक्रमण द्वारा 3 उपयोगी उत्पाद के नाम बताइये। (2)

प्र-14 किन्हीं दो राष्ट्रीय उद्यानों के नाम लिखिए। (2)

प्र-15 मरुस्थलीकरण कब होता है? (2)

प्र-16 मनुष्य में गुणसूत्रों की संख्या कितनी होती है? (2)

**लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न क्र. 17-22)**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

प्र-17 एक किसान अपनी भरपूर व अच्छी फसल काटने के बाद उसे भंडारण से पूर्व सुखाना भूल गया। उसे किन समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है? (3)

प्र-18 रसोई गैस को जलाने पर कोई आवाज नहीं होती, लेकिन पटाखों के जलाने पर तेज आवाज होती है। क्यों? स्पष्ट कीजिए। (3)

प्र-19 एक प्रयोग में 405Kg ईंधन का पूर्णतया दहन किया गया। जिससे 180000KJ ऊष्मा उत्पन्न हुई। ईंधन का उष्मीय मान ज्ञात कीजिये। (3)

प्र-20 मुर्गी और मेंढक दोनों ही अंडे देते हैं लेकिन दोनों में ही निषेचन की क्रिया अलग-अलग प्रकार से होती है, क्यों ? (3)

प्र-21 निम्न में से जरायुज जंतु और अंड प्रजक जंतु को विभाजित कीजिए-
मानव, मुर्गी, साँप, बिल्ली, कुत्ता ,चिड़िया, हाथी, घोड़ा, कौआ, बतख, शुतुरमुर्ग (3)

प्र-22 वायुमंडलीय दाब किसे कहते हैं? समझाइए। (3)

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न क्र. 23-26)**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 70-80 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

प्र-23 गेहूं की फसल उगाने के इन प्रक्रमों का सही क्रम लिखिए-
कटाई, गेहूं का भण्डारण, सिंचाई, खरपतवार से सुरक्षा, खाद एवं उर्वरक देना, बुआई, मिट्टी तैयार करना । (5)

प्र-24 निम्नलिखित को हितैषी और हानिकारक सूक्ष्मजीवों में वर्गीकृत कीजिये-
यीस्ट, मलेरिया, परजीवी, लैक्टोबैसिलस, रोटी की फफूंद, राइजोबियम (5)

प्र-25 संतति का लिंग निर्धारण किस प्रकार होता है? विस्तार से समझाइए। (5)

प्र-26 पहाड़ों पर वायुदाब कम क्यों होता है? कारण सहित लिखिए। (5)

----x----